हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 छात्राओं को साइकिल वितरण का उद्देश्य है ...



14 संयंत्र ने कुकुरदीह व ढनढनी के स्कूलों ...





## खबर संक्षेप

### खट्टी में रथयात्रा की वापसी आज

**महासमुंद।** ग्राम खट्ट में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की वापसी आज 26 जुलाई को होगी। रथयात्रा गांव के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए वापस पहुंचेगी। उक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा, ओंकार प्रसाद शर्मा, करण तिवारी, अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी, खुशी उपाध्याय, खुशबू उपाध्याय ने दी।

### दो लोगों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम रसोड़ा में मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजय नेताम 24 जुलाई की रात 8 बजे शिवा मुन्ना के साथ अपने मामा के घर जा रहा था। रास्ते में उन्होंने देखा कि घुंघरू, सचिन, बनीकेत गांव के उजबती के साथ विवाद कर रहे थे, जिस पर शिवा मुन्ना क्यों विवाद कर रहे हो कहा, इस पर तीनों मिलकर शिवा मुन्ना के साथ गाली गलौज करने लगे। जब प्रार्थी ने मना किया आरोपी दोनों के साथ मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### झगड़ा करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बरपेलाडीह के एक व्यक्ति के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मनीराम चौहान ने बताया कि 24 जुलाई को गांव के स्कूल के पास देवलाल भोई और गोपाल भोई दूसरे गांव के लड़कों के साथ झगड़ा रहे रहे थे। जब उसने मना किया तब दोनों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### गुडरूपारा में मारपीट

**महासमुंद।** नगर के गुडरूपारा में हुई मारपीट की घटना में दो लोगों को चोटें आई है। घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। 24 जुलाई को लगभग 10 बजे शुभम ढीमर, गुलशन ढीमर, नारायण ढीमर मोहल्ले में गाली गलौच कर रहे थे। जिसे दुर्गेश जलक्षत्री द्वारा मना किया। जिसके बाद वे तीनों दुर्गेश के साथ विवाद करने लगा। आवाज सुनकर आए दुर्गेश के भाई पिंटू जलक्षत्री एवं प्रेम लाल जलक्षत्री के साथ भी तीनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। इस दौरान किसी नुकीली वस्तु से पिंटू को शुभम ढीमर ने मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बाइक से गांजा का परिवहन, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि बागबाहरा रोड की ओर से मोटर सायकल टीवीएस स्पोर्ट्स सीजी 04 डीजेड 2188 में दो व्यक्ति काले रंग के बैग में गांजा लेकर महासमुंद की ओर जा रहे है। इस सूचना के बाद खट्टी मोड़ महासमुंद जाकर पुलिस ने नाकाबंदी की और बाइक को रोका। पूछताछ में मोटर सायकल चालक ने अपना नाम राधेश्याम दीवान पिता बिशेसर दीवान (36 साल) निवासी पठारीमुडा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गोविंद पटेल पिता आनंद पटेल (35 साल) निवासी अनवरपुर थाना बागबाहरा जिला महासमुंद होना बताए। साथ ही बैग में गांजा होने की जानकारी दी ।

# रामनामी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

72 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में डॉक्यूमेंट्री फिल्म रामनामी को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फिल्म के सम्मान नॉमिनेशन से छत्तीसगढ़ के रामनामी समुदाय के लोगों में अद्वितीय माहौल है। इस फ़िल्मि का निर्देशन भरतबाला गणपति ने किया है, जिसमें उनके संपूर्ण निर्माण टीम ने इस कृति क्रो फिल्मांकन में योगदान दिया है। नेशनल नॉमिनेशन से छत्तीसगढ़ को सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई मिली है, जिससे प्रदेश की लोक संस्कृति, आध्यात्मिक और भगवान श्रीराम के भक्ति विरासत से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत हुआ है।


■ भगवान श्रीराम के प्रति अखंड आस्था का प्रतीक

## आस्था, सादगी और लोक संस्कृति का प्रतीक



### रामनामी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

बिलासपुर संभाग के विभिन्न जिलों सारंगढ़ बिलाईगढ़, सक्ति, जांजगीर चाम्पा में रामनामी समुदाय बहुतायत में निवास करते हैं। रामनामी समाज अपनी विशिष्ट सांझ, भगवान श्रीराम के प्रति अखंड आस्था, सादगीपूर्ण जीवन शैली और लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है।



शरीर पर श्रीराम नाम की मूर्ति की अनूठी परंपरा, भक्ति, समरसता और आध्यात्मिक जीवन पत्रिका का संदेश देने वाला यह समाज छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक चमत्कार का अमूल्य हिस्सा है। डॉक्यूमेंट्री राम-नामी ने इन धार्मिकता और जीवन मूल्यों को अत्यंत प्रभावशाली और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर देश-दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की लोक संरचना और सांस्कृतिक अस्मिता को राष्ट्रीय पटल पर नई प्रतिष्ठा प्रदान करेगा।

## एडीओ की टीम ने दर्ज किए बयान, सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक का बयान दर्ज नहीं

# बार पंचायत में '15वें वित्त' की राशि में अनियमितता की शिकायत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बार में 15वें वित्त की राशि में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत पर प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। पंचों और ग्रामीणों द्वारा बीते 10 जुलाई को कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कसडोल के निर्देश पर शनिवार 25 जुलाई को दो सदस्यीय एडीओ टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची।

जांच टीम ने नियत तिथि स्थान एवं समय पर ग्राम पंचायत भवन बार पहुंचकर शिकायत के आधार पर तीन अलग-अलग विषयों को लेकर आवेदक एवं अनावेदक की उपस्थिति में बयान दर्ज किए। हालांकि, समय के अभाव के कारण सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं।

### जांच में पूरा सहयोग करेंग

इस पूरे मामले में सरपंच खिलेश्वरी यादव का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद है। पंचायत में कराए गए सभी विकास कार्य शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार हुए है। आगे उनका कहना है हम जांच प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करेंगे और उन्हें भरोसा है कि निष्पक्ष जांच के बाद उनके ऊपर लगाए



### अगली तिथि पर होगी पूछताछ

इस संबंध में जांच एवं निरीक्षण के लिए पहुंचे एडीओ विश्वनाथ जांगड़े एवं वरिष्ठ कार्य रोपण अधिकारी प्रकाश सिंह साहू की दो सदस्यीय टीम ने कहा कि आज जांच के दौरान शिकायत पक्ष एवं सरपंच सचिव उपस्थित थे। आज समय अभाव के कारण सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक का बयान दर्ज नहीं किया जा सका, जिसके लिए अलग से समय तिथि एवं स्थान तय कर दोनों पक्षों को बुलाकर बयान लिया जाएगा। इस दौरान हमने शिकायत सम्बंधित विभिन्न मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थल जांच निरीक्षण भी किया। वहीं इस शिकायत जांच कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई की उठाई मांग

जांच अधिकारियों के अनुसार दोनों पक्षों को सूचना देकर इन तीनों के बयान अलग से तय तिथि और स्थान पर लिए जाएंगे। इस दौरान ग्रामीणों और पक्ष-विपक्ष की मौजूदगी में विभिन्न निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच व कार्य स्थलों का निरीक्षण किया गया। टीम ने कन्या आश्रम मैदान समतलीकरण, हाई स्कूल मैदान समतलीकरण, बाजार चबूतरा मरम्मत, दुर्गा चौक से बड़े तालाब तक सीसी रोड निर्माण, दुर्गा चौक मैदान समतलीकरण व ज्योति कक्ष निर्माण, पचरी मरम्मत कार्य, प्रधानमंत्री आवास और बोरिंग चबूतरा मरम्मत सहित 15वें वित्त व अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। वही ग्रामीणों एवं पंचो ने इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे गए फलदार पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड स्तरीय स्थानीय संघ कसडोल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल खैरा परिसर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय मैदान में फलदार, छायादार एवं औषधीय प्रजातियों के अनेक पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच प्रियंका सोनी रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में केशव सोनी, केआर कैवर्त एवं एमएल घृतलहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य पीके जांगड़े ने की। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं प्राचार्य ने स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके नियमित संरक्षण एवं देखभाल का संदेश दिया।इस अवसर पर संकुल समन्वयक नरेंद्र कुमार देवांगन सहित विद्यालय ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ स्काउट-गाइड स्थानीय संघ का वृहद पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

# सोनबरसा में सर्प संरक्षण और सुरक्षित रेस्क्यू पर वन मंडल की कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला वनमण्डल द्वारा सोनबरसा में सांपों के साथ सह-अस्तित्वः स्नेक रेस्क्यू एंड अवेयरनेस वर्कशॉप-2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं युवाओं में सर्पों के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा विषैले एवं विषैले सर्पों की पहचान, सुरक्षित रेस्क्यू तकनीकों एवं मानव-सर्प सह-अस्तित्व के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यशाला में बलौदाबाजार वनमण्डल के सभी वन परिक्षेत्रों ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ मानव-सर्प सह-अस्तित्व का दिया संदेश

### विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

कार्यशाला का प्रथम सत्र वनमण्डल कार्यालय, बलौदाबाजार में आयोजित हुआ, जहां विशेषज्ञों ने सर्पों की विभिन्न प्रजातियों की पहचान, उनके व्यवहार, पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका, सर्पदंश से जुड़ी भ्रांतियों, प्राथमिक उपचार, रेस्क्यू के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा मानव-सर्प संघर्ष को कम करने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र सोनबरसा वन विहार केन्द्र में आयोजित किया गया, जहां विशेषज्ञों ने सर्प रेस्क्यू का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को रेस्क्यू उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, बिना किसी क्षति के सर्पों को पकड़ने तथा उन्हें सुरक्षित प्राकृतिक आवास में छोड़ने की वैज्ञानिक विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### वैज्ञानिक समझ से घटेगा मानव-सर्प संघर्ष

कार्यक्रम के सफल आयोजन में वन परिक्षेत्र अधिकारी एकता कर सहित बलौदाबाजार वन परिक्षेत्र के समस्त वनकर्मियों एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग एवं एफईएस के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला में वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि सर्प प्रकृति और पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके प्रति वैज्ञानिक समझ और जनजागरूकता बढ़ाकर अनावश्यक मानव-सर्प संघर्ष को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम वन अधिकारियों, कर्मचारियों और युवाओं की क्षमता वृद्धि के साथ-साथ समाज में वन्यजीव संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## भारतोलन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित...



**पलारी।** जिला स्तरीय भारतोलन चयन प्रतियोगिता का आयोजन पलारी स्थित जिम सेंटर में किया गया, जिसमें सेजेस पलारी, गुमा, ससहा, छेरकापुर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग 14, 17 और 19 वर्ष की श्रेणी में आयोजित की गई, जिसे विकासखंड खेल प्रभारी हेमलता कनौजे के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई। आयोजन में दीपमाला साहू सेजेस पलारी, राजेश माड़े गुमा, आशीष ठाकुर सेजेस छेरकापुर, चंद्रदीप रात्रे भवानीपुर, ईश्वर साहू ससहा ने अहम भूमिका निभाई।बालक एवं बालिका वर्ग 14, 17, 19 वर्ग में चयनित खिलाड़ी आलोक निर्मलकर, कपिल ध्रुव, रितेश वर्मा, ओजस यादव, चंद्रहास यादव, प्रीतम खसे, रेखांकित पटेल, आदित्य, आयूष आडिल, प्रतीक साहू, दीपेश जांगड़े, समीर नारंगे, आर्यन कुर्रे, शान जोशी, खुशी चतुर्वेदी का चयन हुआ है।

# राज्य खेल अलंकरण एवं खेल पुरस्कारों के लिए 5 अगस्त तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों और कोच को खेल पुरस्कार प्रदान किया जाता है एवं राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। इन पुरस्कारों (शहीद राजीव पांडे, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, पंकज विक्रम सम्मान, विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि) हेतु आवेदन करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 5 अगस्त तक विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य) के उपलब्धियों के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार संबंधी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किये गये आवेदन ही मान्य होंगे। केवल नगद राशि पुरस्कार एवं डाइटमनी हेतु आवेदन सीधे संचालनालय, खेल संघ के माध्यम से संचालनालय एवं जिला कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

शहीद राजीव पांडे पुरस्कार के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ डाइट मनी और नगद राशि पुरस्कार के लिए आवेदन सीधे खेल संचालनालय या जिला कार्यालय में जमा होंगे

## बाजारों में पन्नी की बिक्री में इजाफा

# बारिश के बीच कच्चे मकानों को सुधारने में जुटे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाते हुए गरीबों को पक्के मकान बनाकर दिये जा रहे हैं। मगर यदि इस योजना की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इस योजना में हो रहे फर्जीवाड़े के चलते जहां इसके वास्तविक हकदार लाभ लेने के लिये चक्कर काटते हुए देखे जा रहे हैं, तो दूसरी ओर अनेक प्रभावशाली लोग जिनके पहले से ही पक्के मकान होने के साथ साथ हवेली बनी हुई है और वह अधिकारियों की कृपा दृष्टि के चलते अपात्र होते हुए भी इस योजना का लाभ लेते हुए देखे जा रहे हैं। इस स्थिति में यदि ग्रामीण क्षेत्रों का रुख किया जाए तो अनेक गरीब इस तरह से मिल सकते हैं जो इस योजना के सही हकदार होने के बाद भी वह अपने परिवार के साथ कच्चे मकानों में रहने के लिये मजबूर है..?

मगर देशी खपरों के मकानों को सुधारने की कला यह किसी में नहीं होती है। क्योंकि घर के छप्पर के ऊपर चढ़कर खपरे छाने वाले मिस्त्री गांवों में सिर्फ पुराने बुजुर्ग ही जानते हैं।

इस हाल में अब गरीबों के कच्चे मकानों के खपरे सुधारने के लिये जहां मिस्त्री नहीं मिल पा रहे है तो दूसरी ओर केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही गफलतबाजी के चलते गरीबों के पक्के आवास भी नहीं बन पा रहे हैं?

### बारिश के बीच खपरों की तलाश

जब बारिश का मौसम आता है तो वह अपने खपरेल मकानों के खपरे सुधारते हुए देखे जाते हैं तो दूसरी ओर खपरों की अभाव में अपने कच्चे मकानों पर पन्नी लगाकर बारिश से वचाच में जुटे हुए देखे जाते हैं। इसी के चलते इस समय चल रहे बारिश के दौर में जहां बाजारों में त्रिपाल पन्नी की बिक्री में इजाफा हो गया है, तो दूसरी ओर अनेक गांवों में टूटे हुए खपरों को सुधारवाने के लिये मजदूरों को खोजते हुए देखे जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी केंद्र लवन में रोपे गए पौधे

**लवन।** नगर के वार्ड 15 स्थित धान खरीदी केंद्र में प्राधिकृत अध्यक्ष दुर्गेश बाजपेई, समिति प्रबंधक राहुल यदु, समिति कर्मचारी बिंदेश्वरी श्रीवास, राजेश वर्मा, राकेश साहू, ईश्वर साहू, श्यामलाल बंदे, दीपक यादव ने साथ मिलकर फलदार व छायादार पौधा रोपण किया।

### पशुओं में रोग नियन्त्रण के लिए मानसून पूर्व टीकाकरण अभियान शुरू



**भाटापारा।** शासकीय पशु चिकित्सालय मोपका व पशु औषधालय खैरा, लच्छनपुर के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में गलघोटू व एकटांगिया रोग का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साथ ग्रामों में शिविर के माध्यम से औषधि वितरण की जा रही है। मोपका संस्था प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार सिंह पैंकरा ने सभी पशुपालकों से आग्रह किया है कि सभी ग्रामवासी अपने पशुओं को बांधकर गलघोटू बीमारी का टीकाकरण अवश्य कराएं। यह रोग पशुओं में जीवाणुओं के माध्यम से होता है। इस बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को स्वच्छ स्थान पर रखें। डा. पैंकरा ने सभी पशुपालकों को अनिवार्य रूप से सभी पशुओं का टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया। पशुओं में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निकटतम संस्था में जाकर दवाई प्राप्त कर सकते हैं और पशु पालन विभाग व शासन द्वारा मोबाईल वेटनरी यूनिट 1962 डायल कर पशु चिकित्सा का लाभ ले सकते हैं। टीकाकरण कार्य में विभागीय कर्मचारी जिसमें सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डीसी पैंकरा, पट्टी बंधक सोनचंद यादव, ऋतुराज साहू, दीपक मिरी व पशु सखी माला मानिकपुरी इन सभी का विशेष सहयोग रहा है।

### स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त ने की समीक्षा

**रायपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा की अध्यक्षता में जिला संगठन आयुक्तों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। राज्य मुख्य आयुक्त श्री खालसा ने सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रगीत का अनिवार्य रूप से गायन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संगठन के अंशदान की राशि 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से जमा कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में दल संचालन के लिए कम से कम एक बेसिक स्काउट मास्टर एवं एक गाइड कैप्टन प्रशिक्षित होना आवश्यक है। साथ ही राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले का भ्रमण कर स्काउट-गाइड गतिविधियों की समीक्षा किए जाने की जानकारी भी दी। उन्होंने ओवायएमएस पंजीयन कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक जिले में कार्यशाला आयोजित करने तथा प्रत्येक विकासखंड में एक-एक समन्वयक नियुक्त करने के निर्देश दिए।

### अजा-जजा विद्यार्थी उत्कृष्ट योजना की काउंसिलिंग निरस्त

**रायपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जिला स्तर पर 14 जुलाई 2026 को आयोजित काउंसिलिंग को निरस्त कर दिया गया है। काउंसिलिंग के चयनित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को सूचित किया जाता है कि शासन से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त होने के उपरांत काउंसिलिंग की जानकारी दी जाएगी।

# आईवीएफ सेंटर बनाने 10, कैंसर विभाग में रोबोटिक सिस्टम के लिए 21 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

निसंतान दंपति के इलाज और रोबोटिक प्रक्रिया से ज्यादा सुरक्षित ढंग से ऑपरेशन के लिए कैंसर विभाग में रोबोटिक सिस्टम की योजना अभी भी ठंडे बस्ते में है। निराश करने वाली बात यह है कि वर्ष 2025 में आईवीएफ सेंटर के लिए 10 करोड़ और जनवरी 2026 में रोबोटिक सिस्टम के लिए 21 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं, मगर पेंच टेंडरों में फंसा हुआ है।

आंबेडकर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने जरूरतों को महसूस करते हुए सरकारी अस्पताल में आईवीएफ सेंटर खोलने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। पुरानी योजना को पिछले साल मंजूरी दी गई थी और निजी अस्पतालों में लाखों खर्च करने वाले मरीजों को राहत देने के लिए आंबेडकर अस्पताल में यह सेंटर बनाने की योजना को मंजूरी दी गई थी। इसके लिए वर्ष 2025 के अक्टूबर माह में 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दी गई थी। कुछ ऐसी ही योजना कैंसर विभाग में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के सुविधा के विस्तार के लिए बनाई गई थी। इसमें रोबोट की मदद से ऑपरेशन करने की योजना को पूर्ण करने के लिए 21 करोड़ से ज्यादा राशि को मंजूरी दी गई थी। मामला इनसे संबंधित कार्यों को पूरा करने तक पहुंचा और इसके टेंडर की प्रक्रिया में उलझकर रह गया। वर्तमान में आईवीएफ की सुविधा राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है।

## आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के विस्तार की योजना ठंडे बस्ते में




### सात बेड के इंटीग्रेटेड हास्पिटल का पता नहीं

ओवरलोड हो रहे आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को सुविधा देने बनाया जाने वाला सात सौ बेड का इंटीग्रेटेड हास्पिटल अभी भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाया है। निराश करने वाली बात यह है कि 231 करोड़ की इस योजना के लिए सीजीएमएससी डेढ़ साल में निर्माण एजेंसी तय करने टेंडर भी पूरा नहीं कर पाई है। पेचीदगी और अन्य नियमों की वजह से उसका दो प्रयास फेल हो चुका है। योजना के मुताबिक यहां 6 मंजिला सुविधायुक्त हास्पिटल तैयार करना है और योजना की इतनी धीमी चाल से इसके पूरा होने में सालों लगने की संभावना है। इंटीग्रेटेड भवन बनाने के पहले चिन्हित स्थान पर खड़े हास्टल के खंडहर को गिराना होगा और उससे निकलने वाले मलबे को हटाना बड़ा और चुनौती भरा काम है। योजना से संबंधित काम पूरा करने की सुस्ती के कारण भवन तैयार होने में कई साल लगने की संभावना है। तब तक आंबेडकर अस्पताल के कई विभाग में आने वाले मरीजों को बेड शेयर कर अपना इलाज कराना होगा। ओवरलोड मरीजों की समस्या सबसे ज्यादा अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, मेडिसिन और सर्जरी जैसे विभागों में है।

# गुरु रविदास के आदर्शों पर चलकर समरस समाज के निर्माण का संकल्प

**गुरु रविदास के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार




गुरु रविदास महाराज की जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय, बलौदाबाजार में शनिवार को समरसता संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन-दर्शन, सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला प्रभारी अमित साहू, रायपुर विधायक सुनील सोनी, बलौदाबाजार विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से समानता, भाईचारे, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को भेदभाव से मुक्त होकर समतामूलक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की प्रेरणा देते हैं।

वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास के आदर्शों का अनुसरण करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामाजिक समरसता, सद्भाव और समानता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य कर रही है।कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुसुवाडीह में श्मशान घाट कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुसुवाडीह में वी बी जी राम जी से समुदाय के लिए श्मशान घाट निर्माण कार्य स्वीकृत राशि 6.58 लाख का श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनीता प्रवीण धुरंधर, सरपंच अंजलि सारथी, उपसरपंच प्रतिनिधि मंजू डीगेंद्र मारकंडे, पवन सारथी, पंचगण ललिता निषाद, रूपा निर्मलकर, आग्रेश्वर वर्मा, माधव वर्मा, अमरनाथ निर्मलकर, चम्मन गेंडे, श्यामलाल विश्वकर्मा, देवा निषाद, लक्ष्मण वर्मा, इंजीनियर शुभांकर साहू, रोजगार सहायक धन्नू ध्रुव एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## डॉ. खूबचंद बघेल देशभक्ति समाज सुधार और सामाजिक समरसता के प्रतीक थे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, पलारी राज द्वारा गुरुवार को सामाजिक भवन पलारी में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नदृष्टा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजप्रधान रामखिलावन वर्मा ने की। इस अवसर पर केंद्रीय पदाधिकारी, संरक्षक, राज पदाधिकारी तथा समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजप्रधान रामखिलावन वर्मा ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल केवल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, पूर्व विधायक, पूर्व राज्यसभा सदस्य और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों में भाईचारा, समान सम्मान और राज्य के सर्वांगीण विकास का सपना देखा था।

संरक्षक रघुनंदन वर्मा ने कहा कि डॉ. बघेल का संपूर्ण जीवन देश की आजादी, समाज सुधार, छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण और सामाजिक एकता के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उनके जीवन संघर्ष और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य बुधराम वर्मा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, शेखर वर्मा, डॉ. डाकेश्वर वर्मा, कार्तिकराम वर्मा, मंतराम वर्मा, सेवकराम वर्मा, छात्रवृत्ति प्रभारी रामनारायण वर्मा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं स्वजातीयजन उपस्थित थे।

### डॉ. खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ के प्रेरणास्रोत

संरक्षक तेजराम वर्मा ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल मनवा कुर्मी समाज के गौरव होने के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ के प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए साहित्य सृजन और मंचीय नाटकों के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया। वहीं, संरक्षक अमरनाथ वर्मा ने कहा कि डॉ. बघेल की जयंती प्रत्येक ग्राम इकाई में मनाई जानी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर सामाजिक विकास में योगदान दे सके।

## मोदी सरकार के फैसलों से विपक्ष का एजेंडा उजागर हुआ

**बलौदाबाजार।** भाजपा के जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण पर केंद्र सरकार की ओर से की गई घोषणाओं तथा सोनम वांगचुक द्वारा अनशन समाप्त किए जाने के संदर्भ में कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाक्रमों से विपक्ष का वास्तविक राजनीतिक चरित्र सामने आ गया है और उसका उद्देश्य समाधान के बजाय भ्रम एवं असंतोष का वातावरण बनाना था।

आनंद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने युवाओं के भविष्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परीक्षा संबंधी अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से मामलों के शीघ्र निपटारे, दोषियों के लिए कड़े दंड, सख्त जमानत प्रावधान तथा दोषी पाए जाने वाले कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जैसे प्रावधानों पर कार्य कर रही है।



भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार के सकारात्मक रुख के बाद सोनम वांगचुक ने भी केंद्र सरकार पर विश्वास जताते हुए अपना अनशन समाप्त किया। उनके अनुसार यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार छात्रों और युवाओं के हितों के प्रति गंभीर और संवेदनशील है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के घटक दलों का उद्देश्य छात्रों के मुद्दों का समाधान करना नहीं, बल्कि उन्हें राजनीतिक हथियार बनाकर देश में असंतोष का माहौल तैयार करना था। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए, तब विपक्ष का राजनीतिक एजेंडा उजागर हो गया। आनंद यादव ने कहा कि देश का युवा जागरूक है और वह यह समझता है कि कौन उसके भविष्य के लिए कार्य कर रहा है और कौन उसके नाम पर राजनीति कर रहा है।

## छात्राओं को साइकिल वितरण का उद्देश्य है बेटियों के सपनों को साकार करना

**भाटापारा।** जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम कोदवा में निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत के सभापति राजा जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



हाई स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरित करते समय उनके चेहरे की खुशी और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। इस योजना से बेटियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रोत्साहन भी मिलेगा।

इस अवसर पर स्कूल परिवार को संबोधित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष चमन वर्मा का शपथ ग्रहण समारोह भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य , शिक्षक-शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## जैन समता युवा संघ के शिविर में 27 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

जैन समता युवा संघ अर्जुनी के तत्वावधान में बस स्टैंड अर्जुनी में विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। मानव सेवा और सामाजिक सरोकार को समर्पित इस शिविर में क्षेत्र के युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 27 यूनिट रक्तदान किया।




शिविर में प्रेम यादव, शैलेंद्र जैन, जावेंद सोनी, गीता साहू, जितेन्द्र जैन, सम्यक जैन, निलेश जैन, डिंपल जैन, रेणुका जैन, चंदन ध्रुव, संदेश जैन, प्रियंका जैन, प्रखर जैन, मनीष जैन, राहुल जैन, मनोज साहू, प्रिया जैन, सदानंद साहू, अक्षत जैन, विकास जैन, अंशुल जैन, विशेष जैन, पीयूष जैन, उमेश जैन, विभा जैन, धनेश्वर साहू एवं अनिता जैन सहित कुल 27 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त से तीन जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं के प्रति जैन समता युवा संघ अर्जुनी ने कोटि-कोटि आभार व्यक्त करते हुए उनके इस सेवा भाव की सराहना की।

शिविर के सफल संचालन में आरोग्य ब्लड सेंटर बलौदाबाजार की टीम का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर गणमान्यजन उपस्थित रहे। जैन समता युवा संघ अर्जुनी ने ब्लड सेंटर की पूरी टीम का भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहित के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

**हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन का दिलाया संकल्प**

# 1200 विद्यार्थियों को सिखाए सड़क सुरक्षा के नियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार





जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में ग्राम तरेंगा, गिधौरी एवं अमेरा के विद्यालयों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 1200 छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, यातायात संकेतों का पालन करने, तीन सवारी न बैठाने, स्टंटबाजी से बचने तथा बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाने के नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही ई-चालान व्यवस्था एवं सिटी सर्विलांस कैमरों के माध्यम से यातायात नियमों के उल्लंघन पर की जा रही निगरानी से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने की अपील की गई। साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के कैशलेस उपचार, राहवीर योजना के अंतर्गत दुर्घटना के एक घंटे के भीतर गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि तथा हिट एंड रन मामलों में मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये एवं घायल को 50 हजार रुपये सहायता राशि दिए जाने की जानकारी भी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपील की कि सड़क सुरक्षा नियमों का स्वयं पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

### प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों को गणवेश वितरित

**हिरमी रावन।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सकलोर में विद्यार्थियों के प्रोत्साहन एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शालेय गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सकलोर की सरपंच ममता वेदप्रकाश वर्मा रहीं। नई ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरे खुशी और उत्साह से खिल उठे। इस अवसर पर सरपंच ममता वेदप्रकाश वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और गांव का नाम रोशन करने का आह्वान किया। साथ ही विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लगन के साथ अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला परिवार एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अंजनी पांडेय, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक गजरी सोनवानी, शिक्षक स्वाति दुबे, संतोष सिन्हा एवं जितेन्द्र वर्मा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम के अंत में शाला परिवार ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया ।



# सीएम साय ने कर्नाटक के सत्य साईं ग्राम सेवा मॉडल को बताया जनकल्याण का प्रेरक उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को कर्नाटक के सत्य साईं ग्राम, मुद्देनहल्ली का दौरा कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं मानवीय मूल्यों पर आधारित समग्र सेवा मॉडल का अवलोकन किया। उन्होंने वन वर्ल्ड वन फैमिली मिशन के संस्थापक सद्गुरु मधुसूदन साईं से भेंट कर छत्तीसगढ़ में जनकल्याणकारी सेवाओं के विस्तार, विशेष रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और मूल्य आधारित शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का आधार केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि स्वस्थ, शिक्षित और संस्कारित समाज है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को सुशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखते हुए अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं के अनुभव, नवाचार और सेवा भावना से जनकल्याण के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, रायपुर द्वारा पूर्णतः निःशुल्क बाल हृदय शल्य चिकित्सा (पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी) के माध्यम से हजारों बच्चों को नया जीवन देने के कार्य की मुख्यमंत्री ने विशेष सराहना की। उन्होंने इसे मानवता और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए अस्पताल के विस्तार, मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल की स्थापना तथा भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं के व्यापक विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की।

## शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई सार्थक चर्चा

### छत्तीसगढ़ में सेवाओं के विस्तार पर दिया जोर



### 25 देशों से आए शिक्षाविद

मुख्यमंत्री श्री साय मूल्य आधारित शिक्षा पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में विश्व के लगभग 25 देशों से आए 100 से अधिक शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आधुनिक शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सेवा, करुणा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी आधार होनी चाहिए। मूल्य आधारित शिक्षा ही संवेदनशील नागरिकों और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करती है।

### न्यूट्रास्यूटिकल्स इकाई का भी अवलोकन

मुख्यमंत्री ने श्री सत्य साई अन्नपूर्णा ट्रस्ट द्वारा संचालित साईश्योर न्यूट्रास्यूटिकल्स इकाई का भी अवलोकन किया। साईश्योर मल्टी-न्यूट्रिएंट हेल्थ मिक्स के माध्यम से देश के 25 राज्यों एवं 4 केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग एक करोड़ बच्चों तक पोषण सहायता पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ के विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में ऐसे नवाचारों के माध्यम से बच्चों के पोषण स्तर को और बेहतर बनाने की संभावनाओं पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ के लगभग 300 युवाओं को यहां नर्सिंग शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ सेवा भाव से प्रेरित दक्ष स्वास्थ्य मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार और वन वर्ल्ड वन फैमिली मिशन के बीच सहयोग से स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के क्षेत्रों में नई संभावनाएं विकसित होंगी तथा समाज के गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का दायरा और अधिक व्यापक होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे सभी प्रयासों का स्वागत करती है, जो सेवा, संवेदना और सुशासन के माध्यम से जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रोजेक्ट धड़कन, बच्चों की हुई निशुल्क हृदय जांच

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए संचालित "प्रोजेक्ट धड़कन" के अंतर्गत जिले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से अभनपुर टीम बी द्वारा शासकीय हाई स्कूल कोलार में 131 बच्चों, आरंग टीम बी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बोहारडीह में 48 बच्चों, धरसींवा टीम बी द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला धरमपुरा में 126 बच्चों, तिल्दा टीम बी द्वारा हाई स्कूल भुमिया में 336 बच्चों, अर्बन टीम ए द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, रायपुर में 250 बच्चों, अर्बन टीम बी द्वारा बिन्नी बाई सोनकर, भाठागांव में 294 बच्चों तथा अर्बन टीम डी द्वारा हाई स्कूल तिलकनगर, गुढ़ियारी में 206 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

### कॉमनवेल्थ गेम्स-2026, भारतीय दल को दीं शुभकामनाएं

रायपुर। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर विश्व खेल जगत में देश की पहचान को निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि भारतीय दल खेल भावना, उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के साथ विश्व पटल पर तिरंगे का गौरव बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की जीत के साथ-साथ उनका संघर्ष, परिश्रम और राष्ट्र के लिए समर्पण भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। देशवासियों की शुभकामनाएं और विश्वास पूरे भारतीय दल के साथ हैं। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना करते हुए कहा कि पूरा देश उनकी सफलता के लिए प्रार्थना कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश का मान और गौरव बढ़ाएंगे।

## जलजीवन मिशन

# गुणवत्ता निगरानी कमजोर, तीन साल तक थर्ड पार्टी जांच नहीं हुई

सीएजी की रिपोर्ट में खुलासा, बिना काम पांच जिलों में खर्च कर दिए दो करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई तृतीय-पक्ष निरीक्षण (थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन) व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो सकी।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की निष्पादन लेखापरीक्षा में सामने आया है कि मिशन के शुरुआती वर्षों (2019-21) में कई कार्य बिना किसी तृतीय-पक्ष निरीक्षण एजेंसी की नियुक्ति के ही कराए गए। बाद में एजेंसियां सूचीबद्ध होने के बावजूद उनके कार्यों की समुचित निगरानी नहीं हुई और यह भी सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता एवं मात्रा का स्वतंत्र परीक्षण वास्तव में हुआ या नहीं।

### जिलों ने नहीं बनाई कार्ययोजना

सीएजी ने नमूना जांच किए गए चार जिलों में पाया कि जिन गांवों के लिए तृतीय-पक्ष निरीक्षण एजेंसियां नियुक्त की गई थीं, वहां पूरे योजना चक्र के लिए चरणवार आउटपुट कार्ययोजना तैयार ही नहीं की गई। रिपोर्ट के अनुसार, इससे स्पष्ट होता है कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशनों ने एजेंसियों के कार्यों की प्रभावी निगरानी नहीं की।



### दो साल तक बिना थर्ड पार्टी जांच चलता रहा काम

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन ने नवंबर 2021 में 13 तृतीय-पक्ष निरीक्षण एजेंसियों को सूचीबद्ध किया। हालांकि, वर्ष 2019 से 2021 के दौरान जल जीवन मिशन के कार्य इन एजेंसियों की नियुक्ति के बिना ही कराए गए। यानी मिशन के प्रारंभिक चरण में गुणवत्ता के स्वतंत्र परीक्षण की व्यवस्था ही मौजूद नहीं थी।

### सिर्फ बिल के समय दी गई रिपोर्ट

रिपोर्ट के अनुसार, निरीक्षण एजेंसियां मुख्यतः तब परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत कर रही थीं, जब सिविल ठेकेदार भुगतान के लिए देयक जमा कर रहे थे। लेकिन निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच, उपयोग की गई सामग्री के परीक्षण, सुरक्षा उपायों की नमूना जांच और अन्य निरीक्षण संबंधी अभिलेख जिला जल एवं स्वच्छता मिशनों द्वारा लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए। ऐसे में सीएजी यह सत्यापित नहीं कर सका कि निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता और मात्रा का स्वतंत्र परीक्षण वास्तव में किया गया था या नहीं।

### दो करोड़ रुपये खर्च फिर भी उद्देश्य अधूरा


सीएजी ने पाया कि पांच चयनित जिलों ने तृतीय-पक्ष निरीक्षण एजेंसियों को भुगतान के रूप में लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए। इसके बावजूद विभिन्न चरणों में कार्यों की गुणवत्ता और मात्रा सुनिश्चित करने का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो सका। रिपोर्ट में इसे निगरानी तंत्र की गंभीर कमजोरी माना गया है। सरकार ने कहा—जिलों से जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर राज्य सरकार ने मई 2025 में सीएजी को बताया कि संबंधित जिलों से जानकारी एकत्र की जा रही है। हालांकि, रिपोर्ट में इस उत्तर के साथ गुणवत्ता निगरानी में पाई गई कमियों को दर्ज रखा गया है।

**निरीक्षण एजेंसियों की भूमिका रही कागजों तक सीमित**

*सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, जल जीवन मिशन के परिचालन दिशानिर्देशों में तृतीय-पक्ष निरीक्षण एजेंसियों को कार्यों और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नमूना जांच, बिलों के अनुरूप कार्य की मात्रा एवं गुणवत्ता का सत्यापन, भुगतान संबंधी अनुशंसा तथा ग्राम स्तर पर निर्मित बुनियादी ढांचे के कार्यशील होने की स्वतंत्र जांच जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इन एजेंसियों का उद्देश्य निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर स्वतंत्र निगरानी रखना था।*

# रेलवे स्टेशनों पर बढ़ रही बैठने की सुविधा

- मंडल में 413 स्टेनलेस स्टील और 368 आरसीसी बेंच लगाईं



- मंडल में अमृत भारत और री-डेवलपमेंट स्टेशनों पर यात्रियों को मिल रही बेहतर प्रतीक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में यात्रियों को बेहतर व आरामदायक प्रतीक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म और वेटिंग हॉल में स्टेनलेस स्टील की आधुनिक तीन-सीटर और आरसीसी बेंच लगाने का कार्य जारी है। रेलवे के अनुसार इन बेंचों के स्थापित होने से यात्रियों को ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक बैठने की व्यवस्था मिलेगी। रायपुर रेल मंडल ने अमृत भारत स्टेशनों पर न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में बैठने की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत कुल लगभग 620 स्टेनलेस स्टील की तीन-सीटर बेंच तथा 478 आरसीसी बेंच स्थापित की जा रही हैं।

### भिलाई नगर स्टेशन पर सबसे ज्यादा 90 बेंच लगाई


रेलवे के अनुसार अब तक अमृत भारत स्टेशनों एवं मेजर री-डेवलपमेंट स्टेशनों पर 413 स्टेनलेस स्टील की तीन-सीटर बेंच और 368 आरसीसी बेंच लगाई जा चुकी हैं। इनमें भानुप्रतापपुर स्टेशन पर 28, भिलाई नगर में 90, सरोना में 15, उरकुरा में 53, भिलाई में 45, दल्लीराजहरा में 25, निपानिया में 30 तथा बालोद स्टेशन पर 25 बेंच स्थापित की गई हैं। इसके अलावा रायपुर रेल मंडल के मेजर री-डेवलपमेंट स्टेशनों में रायपुर स्टेशन पर 70 और दुर्ग स्टेशन पर 32 आधुनिक स्टेनलेस स्टील बेंच लगाने का कार्य भी किया जा रहा है।

# रेलमंडल की नई पहल, स्लीपर में अब 70 रुपए में यात्रियों को मिलेगा चादर-तकिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसी कोच में मिलने वाली चादर और तकिया जैसी सुविधा का लाभ अब स्लीपर श्रेणी के यात्री भी उठा सकेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल ने दुर्ग-भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में भुगतान आधारित बेडरोल सुविधा शुरू की है। इसके तहत यात्री यात्रा के दौरान निर्धारित शुल्क देकर अपनी जरूरत के अनुसार चादर और तकिया प्राप्त कर सकते हैं। रेल मंडल के अनुसार यह सुविधा जुलाई से शुरू की गई है। ट्रेन में नियुक्त बेडरोल अटेंडेंट स्लीपर कोच में नियमित रूप से भ्रमण कर यात्रियों की मांग के अनुसार बेडरोल उपलब्ध करा रहे हैं। भुगतान लेने के बाद यात्रियों को विधिवत रसीद भी दी जा रही है।

इस व्यवस्था के संचालन के लिए एस-3 कोच की सीट संख्या 79 और 80 बेडरोल अटेंडेंट के लिए आरक्षित की गई है। यदि किसी यात्री को बेडरोल प्राप्त करने में परेशानी होती है, तो वह संबंधित टीटीई से संपर्क कर सुविधा का लाभ ले सकता है। रेलवे के मुताबिक शुरुआत के बाद से इस सुविधा को यात्रियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 10 से 15 बेडरोल पैकेट तथा 30 से 35 तकियों की मांग दर्ज की जा रही है। बढ़ती मांग को देखते हुए भविष्य में रायपुर मंडल की अन्य ट्रेनों के स्लीपर कोचों में भी यह सुविधा शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।



### अटेंडेंट देगा बेडरोल, नहीं मिलने पर टीटीई से करें संपर्क

स्लीपर कोच के यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में बेडरोल अटेंडेंट की तैनाती की गई है, जो कोचों में घूमकर यात्रियों को भुगतान के आधार पर बेडरोल उपलब्ध कराते हैं। शुल्क लेने के बाद यात्रियों को रसीद भी दी जाती है। इस व्यवस्था के लिए अमरकंटक एक्सप्रेस के एस-3 कोच की सीट संख्या 79 और 80 अटेंडेंट के लिए आरक्षित की गई है। यदि किसी यात्री को यात्रा के दौरान बेडरोल नहीं मिल पाता है तो वह संबंधित टीटीई से संपर्क कर इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

# आत्मानंद स्कूल में शाला विकास समिति का गठन, कोमल बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्मेन्ट इंग्लिश मिडियम स्कूल भाटापारा में शाला विकास समिति का गठन किया गया। इसमें प्राचार्य केशव देवांगन एवं शिक्षक स्टाफ द्वारा चयन में पारदर्शिता रखने के लिए लॉटरी सिस्टम का उपयोग करते हुए शासन के निर्देशानुसार स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पालकों में से शाला विकास समिति के सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव होना था। उपस्थित पालको में से नियमों का पालन करते हुए एलकेजी से लेकर 12 कक्षा तक प्रत्येक कक्षा से एक महिला सदस्य एवं एक पुरूष सदस्य का लाटरी सिस्टम में नाम निकाला गया। इसके बाद चयनित 15 सदस्यों द्वारा प्राचार्य कक्ष में अध्यक्ष के दावेदारों के नामों की लॉटरी बनाकर ड्रा किया गया, जिसमें 11 पालकों ने अध्यक्ष के लिए दावेदारी की। इसमें ड्रा निकालने के लिए पालक के रूप में रोशन साहू को आमंत्रित किया गया, जिनके द्वारा लाटरी में अध्यक्ष के लिए कोमल शर्मा और उपाध्यक्ष में सरिफा बानो के नाम की पर्ची निकाली गई। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्मेन्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल के अध्यक्ष बने कोमल शर्मा, उपाध्यक्ष सरिफा बानो एवम सचिव स्कूल के प्रिंसिपल केशव देवांगन नियुक्त किये गए। वहीं विद्यालय प्रतिनिधि के रूप में लक्ष्मीकांत गबेल और शेफाली डहाट की नियुक्ति की गई एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के रूप में पार्षद गेन्दराम साव को मनोनीत किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी गई।



## पेज 11 के शेष

### सोनबरसा में सर्प ...

से वन अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिक एवं युवान वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और भविष्य में वन्यजीव संरक्षण तथा सुरक्षित सर्प रेस्क्यू कार्यों में वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के विशेषज्ञ डॉ. मंजीत कौर बाल, डॉ. जगपाल सिंह बाल, नरेन्द्र कुमार यादव, अंचल ठाकुर एवं मानव राज ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने सर्प संरक्षण, मानव-सर्प सह-अस्तित्व और सुरक्षित रेस्क्यू की वैज्ञानिक तकनीकों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

### एक पेड़ मां ...

परिवार से व्याख्याता इंद्र कुमार यादव, चंद्रशेखर साहू, परमानंद साहू, निधि तिवारी एवं लक्ष्मीन साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा विकासखंड सचिव श्री जे.आर. बारले, सक्रिय स्काउटर बुधराम घृतलहरे, राजेंद्र दास मानिकपुरी, कीर्तन दास मानिकपुरी, राकेश कुमार कैवर्त तथा बड़ी संख्या में स्काउट एवं गाइड के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सक्रिय गाइडर द्वारा किया गया तथा आयोजन की समुचित व्यवस्था का दायित्व भी उन्होंने सफलतापूर्वक निभाया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

### राज्य खेल अलंकरण ...

को प्रदान किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। शहीद कौशल यादव पुरस्कार ऐसे खिलाड़ियों को प्रदान किया है, जो जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। पंकज विक्रम सम्मान ऐसे खिलाड़ियों को प्रदाय किया जाता है जिन्होंने विगत 5 वर्षों में 04 बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व किया हो। वीर हनुमान सिंह पुरस्कार प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को प्रदाय किया जाता है। शहीद विनोद चौबे सम्मान खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित करने हेतु विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ट्रॉफी, सीनियर वर्ग या जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदाय की जाती है। नगद राशि पुरस्कार, सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग, सब-जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को नगद राशि पुरस्कार प्रदाय किया जाता है।

डाइट मनी (खेलवृत्ति), सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग, सब-जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय अथवा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को डाइट मनी प्रदाय की जाती है। डाइट मनी (खेलवृत्ति) के लिए खिलाड़ियों की अधिकतम आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भगवान जगन्नाथ की हुई घर वापसी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान जगन्नाथ की घर वापसी बाहुड़ा यात्रा के साथ हुई। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की शनिवार 25 जुलाई को महाराज संतोष वैष्णव के घर से राममंदिर खरोरा में वापसी हुई। जहां ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### खुटेरी में निकाली गई रथयात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। गांव के ललित पटेल के घर से शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेस राम पटेल, पूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी, हेमंत निषाद, दशरथ साहू, कृष्ण ध्रुव, दुलार सिंह पटेल, नरेंद्र ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ

**महासमुंद।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए पुरुष एवं महिला वर्ग के अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं एवं चयन प्रक्रियाओं में भाग लेने के पात्र होंगे। पूर्व में पंजीकृत खिलाड़ियों के लिए भी पंजीयन का नवीनीकरण अनिवार्य है। जिसमें दो पासपोर्ट फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची जरूरी है। पीवीसी आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र तथा सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां की आवश्यकता है।

### बाइक सवार किसान ने तोड़ा दम, सारंगढ़ मार्ग की घटना

**सरायपाली।** थाना क्षेत्र ग्राम बोंदा के नवा तालाब के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बोड़ेसरा निवासी नेपाल सिंह गड़तिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नेपाल सिंह गड़तिया अपनी हीरो एचएफ डिलक्स (सीजी 06 जीएन 4013) से सरायपाली से सामान खरीदकर गांव लौट रहे थे। शाम करीब 4 बजे ग्राम बोंदा के नवा तालाब के आगे सारंगढ़ मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही कार (सीजी 10 एफएच 1084) के चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां नेपाल सिंह गंभीर रूप से घायल और बेहोश अवस्था में सड़क किनारे पड़े मिले। दुर्घटना में उनके दाहिने पैर, कमर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। परिजन उन्हें तत्काल शासकीय अस्पताल सरायपाली लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में ग्राम बोंदा के ललित डडसेना तथा ग्राम बोड़ेसरा के राजेश पांडे बताए गए हैं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में जांच शुरू कर दी है।

### फलदार, छायादार एवं फूलदार पौधों के वितरण के साथ विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# संयंत्र ने कुकुरदीह व ढनढनी के स्कूलों में बांटे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम कुकुरदीह एवं ढनढनी के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में फलदार, छायादार तथा फूलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पौधों के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें वितरित पौधों का नियमित संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा ने विद्यार्थियों के लिए सेल्फी विद माई ट्री प्रतियोगिता की घोषणा की। प्रतियोगिता के तहत पौधारोपण के समय और छह माह बाद उसी पौधे के साथ सेल्फी प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों में से सर्वश्रेष्ठ एवं स्वस्थ पौधों का संरक्षण करने वाले तीन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।



ग्राम पंचायत कुकुरदीह की सरपंच गंगा साहू ने अल्ट्राटेक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं और उन्हें प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं डॉ. महेंद्र वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है तथा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को हरित भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं।

ग्राम ढनढनी के उपसरपंच भूपेंद्र साहू ने अल्ट्राटेक प्रबंधन एवं सीएसआर विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी क्षेत्र में लगातार विकासोन्मुखी गतिविधियां संचालित कर रही है, जिससे ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि पौधारोपण एवं पौधा वितरण अभियान आने वाली पीढ़ी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ढनढनी के उपसरपंच भूपेंद्र साहू, ग्राम पंचायत कुकुरदीह की सरपंच गंगा साहू, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल साहू, पंचायत सदस्य आशीष जांगड़े, देवेंद्र जांगड़े, ललिता ध्रुव एवं हीरा मरकाम, शिक्षकगण, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीएसआर टीम के दया वर्मा एवं परमेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

## संयंत्र ने गुमा स्कूल को दी आधुनिक कंप्यूटर लैब

■ ग्रामीण विद्यार्थियों को मिलेगी डिजिटल शिक्षा की नई सुविधा

**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और ग्रामीण विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुमा में आधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। यह पहल मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री एवं प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। नवनिर्मित कंप्यूटर लैब में विद्यार्थियों के लिए आठ आधुनिक कंप्यूटर सेट, टेबल, कुर्सियां, आलमारी, राइटिंग बोर्ड, नोटिस बोर्ड, डस्टबिन, फुटमैट तथा एयर ब्लोवर सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। अतिथियों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सरपंच चन्द्रकांता होमेश साहू, उपसरपंच तुकेश यादव, पंच सरिता साहू, टाकेश्वर ध्रुव एवं डागेश्वर ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोमनाथ वर्मा, समिति सदस्य राजेन्द्र वैष्णव एवं रेणुका साहू, प्राचार्य एस.के. खटकर सहित डी.पी. साहू, आर.के. साहू, डी.के. बांधे, एम.एल. भारद्वाज, अर्चना मिंज, मंजू चौहान, आर.के. मांडरे तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सरपंच और शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। नई कंप्यूटर लैब से विद्यार्थियों को कंप्यूटर संचालन, डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी तथा रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करने का बेहतर





अवसर मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध होंगी और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में भी वृद्धि होगी।विद्यालय प्रबंधन एवं जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए अल्ट्राटेक रावन सीएसआर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कंप्यूटर लैब की स्थापना से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा और वे भविष्य की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय के साथ टीम के सदस्य सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, सुनीता निषाद, साहिल बांधे तथा गुमान साहू का विशेष योगदान रहा।

## सिंधोरा के पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल में शाला विकास समिति का गठन



**पलारी।** ग्राम सिंधोरा में गत दिवस पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में शाला विकास समिति का गठन किया गया, जिसमें पूर्व माध्यमिक शाला में शासन की नियम अनुसार छगन लाल यादव को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

उपाध्यक्ष राकेश चंद्राकर शिक्षाविद के रूप में धर्मेंद्र चंद्राकर को नियुक्त किया गया एवं 13 सदस्य का भी चयन किया गया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला में भी पदाधिकारी का निर्वाचन हुआ, जिसमें हरविंदर बंजारे को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव को शिक्षाविद के रूप में हलधर यादव को एवं नव सदस्य का भी निर्वाचन किया गया एवं नन्हें मुन्नें विद्यार्थियों को निःशुल्क गणेश वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम की अगवाई सिंधोरा सरपंच दयाल महेश्वर, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शंभू सिंह डहरिया, पूर्व माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष छगन लाल यादव, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष हरविंदर बंजारे, कार्यक्रम में उपसरपंच रेवती यादव, नरोत्तम महेश्वर, राकेश चंद्राकर, केजराम महेश्वर, डोमेश यादव, आश कुमार टंडन, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, रुक्मणी चंद्राकर, अनियन सिंह फेकर, कन्हैया यादव, संतोष टंडन, भारत लाल यादव, नर्मदा महेश्वर, निशा भारद्वाज, जय कुमारी सेन, संतोषी यादव, पूर्व माध्यमिक शाला के हेड मास्टर ईश्वर चंद्र विद्यासागर एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहित प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुरेंद्र पटेल एवं शिक्षा एवं शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सीबीएसई स्किल एक्सपो में विद्यार्थियों ने बिखेरा नवाचार का हुनर

■ पर्यावरण और स्थिरता थीम पर प्रस्तुत किए अभिनव मॉडल, विशेषज्ञों ने की सराहना

**बलौदाबाजार।** अंबुजा विद्या पीठ, रवान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रायपुर स्थित ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में आयोजित सीबीएसई स्किल एक्सपो एवं गाइडेंस फेस्टिवल में अपनी प्रतिभा का प्र भा व शा ली प्रदर्शन किया। विद्यालय के पांच होनहार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कौशल आधारित एवं व्यावहारिक शिक्षा का परिचय देते हुए आकर्षक और उपयोगी परियोजनाएं प्रस्तुत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।




इस वर्ष प्रदर्शनी की थीम पर्यावरण और स्थिरता रखी गई थी। इसी विषय को केंद्र में रखते हुए विद्यार्थियों ने कचरा प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। इन परियोजनाओं में पर्यावरणीय चुनौतियों के व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान प्रदर्शित किए गए, जिन्हें विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों से आए शिक्षकों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों ने सराहा।

विद्यालय के इन सभी प्रोजेक्ट्स का निर्माण शिक्षक जे.बी.डी. कृष्णमूर्ति के मार्गदर्शन में किया गया। उनके तकनीकी निर्देशन और निरंतर प्रेरणा से विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए व्यवहारिक एवं उपयोगी मॉडल तैयार किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीएसई स्किल एजुकेशन यूनिट के सहायक निदेशक आरपी सिंह थे। उनके साथ सीबीएसई रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारी जगदीश बर्मन तथा अन्य शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों की परियोजनाओं का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कौशल आधारित शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षक जेबीडी कृष्णमूर्ति को बधाई देते हुए कहा कि नवाचार और रचनात्मकता भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में उत्साह का माहौल है। उपप्राचार्य पद्माकर मिश्रा, समन्वयकों एवं शिक्षकों ने पांचों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि अंबुजा विद्या पीठ, रवान भविष्य में भी कौशल आधारित शिक्षा, नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करता रहेगा।

## आत्मानंद स्कूल में प्रार्थना शेड का भूमिपूजन छात्राओं को साइकिल वितरित की गई

**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कोसमंदा में शाला परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा साइकिल वितरण एवं प्रार्थना शेड का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजा जायसवाल, अध्यक्षता अविनाश शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विशिष्ट अतिथि सरपंच नारायण यदु, उप सरपंच तीज राम वर्मा तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष कुबेर वर्मा मंडल अध्यक्ष निपानिया मथुरा यदु व महामंत्री युवा मोर्चा बृजेश निषाद, महामंत्री रोहित वर्मा, पवन वर्मा शामिल हुए का कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को साइकिल का वितरण व भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा उपस्थित शाला परिवार के सदस्य छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में छात्राओं को सुविधा हो इसी उद्देश्य के साथ साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं प्रार्थना शेड निर्माण से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सुविधा प्रदान होगी। उक्त अवसर पर संस्था के प्राचार्य योगेश वर्मा सहित ग्राम पंचायत के पंचगण एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।





## सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों के सपनों को मिले पंख

**भटगांव।** कभी लंबी दूरी और आवागमन की परेशानी कई ग्रामीण बेटियों की पढ़ाई में बाधा बनती थी। अब वही राह आसान हो गई है। छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना ने प्रेम भुवन प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव की छात्राओं के सपनों को नए पंख दे दिए हैं। इस वर्ष भी योजना के तहत विद्यालय की अध्यनरत छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश रघु उपाध्यक्ष रामदुलार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित और अभिभावकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को साइकिलें सौंपी गईं। यह केवल एक वितरण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि ग्रामीण बेटियों की शिक्षा को नई गति देने का संकल्प भी था। भटगांव विद्यालय में जमगहन, चू रेला, डोकरीडीह, रिकोटार धाराशिव, ठरकपुर, रोहिना और बंदारी जैसे आसपास के गांवों से छात्राएं अध्ययन के लिए आती हैं। पहले लंबी दूरी तय करने में काफी समय और ऊर्जा खर्च होती थी। अब साइकिल मिलने से उनका सफर सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध हो गया है। इसका सकारात्मक असर उनकी नियमित उपस्थिति, समयपालन और पढ़ाई के प्रति बढ़ते उत्साह में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी बड़ी राहत दी है। अब अभिभावकों को बच्चों के आवागमन के लिए अलग से खर्च या साधन जुटाने की चिंता नहीं रहती। इससे वे अपनी बेटियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दे पा रहे हैं। विद्यालय में वितरित की गई ये साइकिलें केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक हैं। सरस्वती साइकिल योजना यह साबित कर रही है कि जब बेटियों को अवसर और संसाधन मिलते हैं, तो वे अपने सपनों की मंजिल तक पहुंचने का रास्ता स्वयं बना लेती हैं।



## 70 छात्राओं को बांटी गईं साइकिलें



**मुंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डमरू में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 70 छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं, जिससे बालिकाओं की राह अब और भी आसान हो जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमिला साहू, जनपद सदस्य रॉकी साहू, देवलाल साहू, छठ राम साहू, भुजबल यादव, संतोष साहू, जमुना मनोहर यादव, देशराम साहू, सुशील कुमार यादव, बलदाऊ साहू और राज उपस्थित थे। इस दौरान जनपद सदस्य प्रमिला साहू ने कहा की शासन की सरस्वती साइकिल योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। वहीं साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के प्राचार्य भानुराम, श्रेया एवं रामलाल साहू ने की। इस दौरान स्कूल के समस्त शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी परिवार के सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिए।




# जिले की कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा डिजिटल पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने शनिवार को पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में जिले की पहली विस्तृत अपराध समीक्षा बैठक ली। सुबह 10 बजे आयोजित बैठक में जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले थाना एवं चौकी प्रभारियों को प्रोत्साहित करने की बात भी कही।



समीक्षा के दौरान सभी थानों में लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई। विवेचकों को साक्ष्यों का शीघ्र संकलन कर समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण विवेचना पूरी करने तथा वर्षों से लंबित मामलों का जल्द निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन प्रकरणों की विवेचना पूर्ण हो चुकी है, उनके चालान बिना अनावश्यक विलंब के संबंधित न्यायालयों में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

एसपी गौरव राय ने जिले में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने आधुनिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए सीसीटीएनएस क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम सहित विभिन्न पुलिस पोर्टलों पर अपराध एवं अपराधियों से संबंधित जानकारी का शत-प्रतिशत अद्यतन सुनिश्चित करने तथा ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय का विभागीय स्टाफ उपस्थित रहा।

